MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 52 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 23 अक्टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... | पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

शिवराज सरकार ने प्रदेश को चौपट कर दिया - कमलनाथ

कमलनाथ का शिवराज पर बड़ा हमला शिवराज ने प्रदेश को सिर्फ भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी दी

सिवनी यशो:- कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ ने मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर बड़ा हमला बोला है और कहा है कि शिवराज ने प्रदेश को सिर्फ भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी ही दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी सरकार को गिराने के लिये शिवराज सिंह चौहान ने विधायक खरीदे। युवाओं की चिंता नहीं की उन्होंने कहा कि मै सिवनी का विकास छिंदवाड़ा की तरह करूंगा । उन्होंने कहा कि पेंच नहर से सिवनी को पानी देने की उन्होंने योजना बनाई थी । श्री कमलनाथ कांग्रेस उ मीदवारों की सूची जारी होने के बाद पहली जनसभा को गोपालगंज में संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा,मध्यप्रदेश की जनता 18 साल के कुशासन से त्रस्त है। शिवराज ने जनता को झूठी घोषणाओं के सिवाय कुछ नहीं दिया। कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सिंह ने पूरा प्रदेश चौपट प्रदेश बना दिया है। मैं जब नौजवानों की ओर देखता हूं तो मुझे नौजवानों की बहुत चिंता होती है। हम चाहते हैं कि हमारे कृषि क्षेत्र से जुड़े हुए नौजवानों की आर्थिक मजबूती हो। सभी के बच्चे अच्छे स्कूल में जाएं और यह हमारी चुनौती भी है। चुनाव तो आते-जाते रहते हैं। संसद से लेकर ग्राम पंचायत तक के चुनाव आते हैं और सभी चुनाव के अपने मायने होते है ।

कमलनाथ जी ने कहा कांग्रेस की 15 महिनें की सरकार में बीच के ढाई महिने आचार संहिता के निकाल दे तो हमें लगभग साढ़े ग्यारह महिने काम करने के लिए मिले इस अवधि में प्रदेश के 27 लाख किसानो का, जिले के 65 हजार किसानो का गोपालगंज क्षेत्र के भी सैकड़े किसानो का कर्ज माफ किया गया। सस्ती बिजली उपलब्ध करायी, गौशालाओं का निर्माण कराया, सामाजिक न्याय पेंशन दोगुनी की, एक एक वचन को पूरा करने का कार्य किया मैं इस प्रदेश की पहचान सीदे से नही करना चाहता था उन्होंने सौदा करके कांग्रेस सरकार गिरायी, चाहता तो मैं भी सौदे करके सरकार बच्च सकता था। बाबा साहेब अ बेडकर जी ने ऐसा संविधान दिया जिसमें सभी को समानता का अधिकार दिया गया है यदि बाबा साहेब का संविधान गलत हाथो में चला जाये तो देश का या होगा। उन्होंने लालमाटी क्षेत्र को सिंचाई के लिये पेंच नहर से पानी देने की बात कहीं ।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 17 नंवर को जो चुनाव है वह केवल एक उ मीदवार या केवल एक पार्टी का चुनाव नहीं है, वह पूरे मध्य प्रदेश के भविष्य का चुनाव है। उन्होंने नौजवानों से कहा कि मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि या विश्व में कोई ऐसा देश है जहां पर इतनी जातियां हों, इतनी भाषाएं हो, इतने देवी देवता हो, या कोई ऐसा देश पूरे विश्व में है जहां पर इतने त्यौहार हों? हमारा भारत एक झंडे के नीचे खड़ा हुआ है, आपके गांव, आपके मोहल्ले, आपके शहर में सभी धर्म के सभी जातियों के लोग प्यार से रहते हैं और यह संभव हो पाया है हमारी संस्कृति की वजह से, भारत की संस्कृति जोड़ने की संस्कृति है। उन्होंने कहा कि आज किस तरह से धर्म और जाति के बीच आपस में झगड़ा कराने का काम किया जा रहा है। बाबा साहब अंबेडकर ने हमें एक जीता जागता संविधान दिया, आप भारत के रक्षक हैं और भारत के संविधान के भी रक्षक हैं, भारत की संस्कृति के भी रक्षक हैं और यह बात आपको विशेष रूप से समझना है। कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सिंह राज में मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार की एक ऐसी व्यवस्था है, जहां पर आपके पास अगर 50 एकड़ जमीन भी है तो आप पैसे देकर गरीबी रेखा के नीचे अपना नाम लिखा सकते हैं। पैसे दो काम लो की पूरी एक व्यवस्था खड़ी कर रखी है। इन 18 सालों में शिवराज सिंह चौहान ने 50 प्रतिशत भ्रष्टाचार और कमीशन की सरकार चलाई है। कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान भी यहां आएंगे, वे अभी तक 22000 घोषणाएं कर चुके हैं, अब ये उनकी घोषणा की मशीन और झूठ की मशीन डबल स्पीड से चलने लगी है। शिवराज सिंह चौहान झूठ में इतने माहिर हैं कि जहां नदी भी न हो, वहां पर भी पुल की घोषणा करके चले आते है और यही शिवराज सिंह चौहान का 18 साल का रिकॉर्ड है। शिवराज सिंह चौहान ने केवल भ्रष्टाचार दिया, महंगाई दी, बेरोजगारी दी और हमारी शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरा चौपट करके रख दिया। कमलनाथ ने अपनी 2018 की सरकार को याद करते हुए कहा कि हमारी 15 महीने की सरकार बनी थी। जिसमें हमने प्रदेश में 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया और सिवनी में 62,000 किसानों का कर्ज माफ किया।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ सिवनी विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी, बरघाट विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अर्जुनसिंह काकोडिया के समर्थन में गोपालगंज में सभा लेने पहुँचे थे। इस अवसर पर कार्टगी से कांग्रेस के प्रत्याशी बोधसिंह भगत भी पहुँचे थे कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजकुमार खुराना सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने सुकतरा हेलीपेड में कमलनाथ जी की अगवानी की । इस जनसभा में जिले के अनेक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे ।

सिवनी यशो:- आगामी विधानसभा चुनाव एवं दशहरा पर्व को दृष्टिगत रखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिवनी के निर्देश पर सीआईएसफ बल के साथ हमराह स्टाफ के लगभग 80-90 के बल के साथ शहर छिंदवाड़ा चौक से शंकर मंडिया महावीर मंडिया होते हुए कोतवाली थाना तक लैग मार्च निकला गया और आम जनता को संदेश दिया गया दशहरा एवं चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रहेगी

विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 30 अ टूबर तक भरे जाएंगे नाम निर्देशन-पत्र

सिवनी यशो:- विधानसभा निर्वाचन के कार्यक्रम के तहत अधिसूचना जारी होने की तिथि शनिवार 21 अे टूबर से अ र्थियों से नाम लेना प्रार भ हुये । नाम निर्देशन-पत्र पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक स बन्धित विधानसभा क्षेत्रों के आरओ के कक्ष में लिये जायेंगे। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 114- बरघाट के लिए नामांकन स्थल न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी बरघाट तहसील कार्यालय बरघाट में, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 115- सिवनी के लिए न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सिवनी तहसील सिवनी में, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 116- केवलारी के न्यायालय तहसीलदार केवलारी तहसील केवलारी एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 117- लखनादौन के न्यायालय अनुविभागयी अधिकारी लखनादौन तह.लखनादौन में लिए जाएंगे।

नाम निर्देशन-पत्र की अन्तिम तिथि सोमवार 30 अे टूबर 2023 एवं नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा तिथि 31 अे टूबर को होगी। अ र्थियों से नाम वापसी की अन्तिम तिथि गुरूवार 2 नव बर है। मतदन शुक्रवार 17 नव बर को होगा और मतगणना रविवार 3 दिस बर को होगी।

भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने छपारा मंडल के ग्रामों में किया चुनावी जनसंपर्क

छपारा यशो:- रविवार 22 अे टूबर को भारतीय जनता पार्टी के केवलारी विधानसभा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने बड़े छपारा से जनसंपर्क अभियान आरंभ किया। अनेक ग्रामों में जनसंपर्क तो कहीं आंगन बैठकों के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद किया और मतदाताओं से भाजपा की प्रदेश में पुनः सरकार के लिये आशीर्वाद प्राप्त किया । श्री पाल ने कहा कि केवलारी विधानसभा से पूरे पाँच साल मेरा जीवंत संपर्क रहा है । लंबे समय तक कांग्रेस के शासन के कारण भारी व्यवस्थाएँ इस क्षेत्र में रही । मैंने पूरी क्षमता के साथ विकास के काम किये है यह क्रम निरंतर बना रहे इसके आवश्यक है कि केवलारी विधानसभा से भाजपा की पुनः बड़ी जीत सुनिश्चित हो केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकारे आमजनता के हित में अनेक योजनाएँ बनाती है परंतु विरोधी प्रतिनिधि होने से जनता को सही तरीके लाभ नहीं मिल पाता विकास के काम नहीं होते । मेरे पाँच साल में जितनी तेजी से विकास के काम हुये है उससे क्षेत्र में बदलाव स्पष्ट रूप से दिख रहा है । केवलारी विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता इस बार भाजपा को इतनी बड़ी जीत प्रदान करे कि इतिहास बन जाये ।

ग्रामो में जनसंपर्क के दौरान राकेश पाल सिंह ने ग्राम के बुजुर्गों का चरणवंदन कर जीत का आशीर्वाद लिया । अपने सघन जनसंपर्क के साथ ही केवलारी विधायक रात्रि के समय भारतीय जनता पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ताओं के साथ गाजे बाजे साथ नगर छपारा में दुर्गा पूजा पंडालों में जाकर माँ के दर्शन कर पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है ।

खादी वस्त्रों की प्रदर्शनी 8 नव बर को भोपाल में

प्रदर्शनी में दुकान हेतु करें आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशो:-खादी वस्?त्रों तथा ग्रामोद्योग उत्पादों के विक्रय हेतु दिनांक 28 अे टूबर 2023 से दिनांक 08 नव बर 2023 तक भोपाल हाट परिसर, भोपाल में खादी प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें खादी क्षेत्र में कार्यरत कत्तिन, बुनकर एवं अन्य उद्यमियों को सतत् रोजगार उपलब्ध कराने एवं इनके द्वारा उत्पादित सामग्री के अधिकाधिक विक्रय हेतु इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रदर्शनी में खादी ग्रामोद्योग आयोग/राज्य खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा पंजीयन खादी ग्रामोद्योग संस्थाओं एवं संचालित विभिन्न रोजगार मूलक योजनओं में वित्त प्रेषित/पंजीकृत इकाईयों का खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों का प्रचार-प्रसार एवं विक्रय कार्य किया जाना है। प्रदर्शनी में दुकाने सीमित सं या में है तथा दुकानें काआवंटन प्रथम आओ प्रथम पाओ पर किया जावेगा।

विद्युत, सुरक्षा स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्था व्यय हेतु खादी संस्थाओं एवं खादी कपड़े का व्यवसाय करने वाली संस्था, वित्तपोषित/पंजीकृत इकाईयों के लिए प्रति दुकान रूपये 8000/- (जीएस.टी.सहित) तथा ग्रामोद्योग एमपारियम, मालवीय नगर, भोपाल के बैंक खाता क्रमांक 32706507375 भारतीय स्?टेट बैंक, शाखा पंचानन भवन भोपाल आईएफएस.सी. कोड - SBIN0030005 में जमा करने एवं आवेदन के साथ जमा राशि का विववरण भरा जाना अनिवार्य है।

अतः दुकान आवंटन हेतु आवेदन दिनांक 23 अे टूबर 2023 तक ई-मेल आई.डी. mdmpkvib@gmail.com अथवा khadimarketing@gmail.com पर प्रेषित करने का कष्?ट करें

अंग्रेजी व्याकरण पढ़ाने का अभिनव तरीका

शिक्षिका पूर्णिमा बिसेन ने अंग्रेजी व्याकरण को बदला दिया कलात्मक चित्रों में

सिवनी यशो:- कभी अंग्रेजी ने भी नहीं सोचा होगा कि उनकी अंग्रेजी भाषा के व्याकरण को कोई इस नवाचार से पढ़ाएगा कि छात्र अंग्रेजी भाषा को पढ़ने के उतावले हो जाएंगे। पता नहीं कौन सा प्रयोग छात्रों के मन को भा जाए। यह करिश्मा कर दिखाया है शासकीय पीएमश्री हाईस्कूल घोबीसर्रा कुरई में अंग्रेजी पढ़ाने वाली शिक्षिका श्रीमती पूर्णिमा बिसेन ने। श्रीमती बिसेन ने व्याकरण पढ़ाने का एक अनूठा प्रयोग किया है। आप अंग्रेजी व्याकरण को कलात्मक चित्रों के माध्यम से पढ़ाती हैं और छात्रों में अंग्रेजी व्याकरण के प्रति सोई हुई रुचि को पुनः जगा दिया है। इस अद्भुत प्रयोग से छात्रों में एक अच्छा खासा उत्साह दिख रहा है।

पिछड़े इलाके के कमजोर छात्रों को विदेशी भाषा को एक नए अंदाज में पढ़ाकर श्रीमती पूर्णिमा बिसेन क्षेत्र में दूसरे शिक्षकों के लिए पठन पाठन के लिए प्रेरणास्रोत बन चुकी है। शिक्षिका पूर्णिमा बिसेन ने बताया कि अंग्रेजी व्याकरण के प्रति लंबे समय से छात्रों में उदासीनता को देखते हुए वे काफी चिंतित थी। फिर काफी सोच विचार कर उनके जहन में यह युक्ति सूझी जो काफी सफल हुई है। श्रीमती बिसेन की अंग्रेजी व्याकरण पढ़ाने के इस अद्भुत हुनर को प्राचार्य एस. के. सिंह, प्रधान पाठक जुहारीलाल हरिनखेड़े,प्रभारी प्राचार्य श्रीमती उर्मिला यादव, और कमलेश्वर ठाकरे के साथ समस्त स्टॉफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 प्रभारी अधिकारी नियुक्त

मंडला यशो:- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत कले ट्रेट परिसर के भू-अभिलेख शाखा में स्थापित डिस्ट्रि ट कंट्रि ट सेंटर कंट्रोल रूम के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंडला कल्पना नामदेव मो.नं. 9424341641 को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में पूर्व में जारी आदेश को अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संशोधित किया गया है।

भाजपा की सीखो सिखाओ और कमाओ योजना, मील का पत्थर - दिनेश राय

सिवनी यशो:- केन्द्र की मोदी और प्रदेश की शिवराज भाजपा सरकारों ने युवाओं को सशक्त बनाने के लिये अनेक योजनाएँ बनाकर युवाओं की बेहतरी के लिये नई युवा नीति तैयार की है । जिसमें युवाओं के सपनों को पंखा प्रदान किये। प्रदेश की भाजपा सरकार की यह युवा नीति मील का पत्थर साबित होगी। कांग्रेस युवाओं के साथ छलावा करती है। उत्साय के उदगार भाजपा प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन द्वारा नव मतदाता युवा स मेलन मे कही गयी।

कांग्रेस धोखा और भाजपा मौका देती है, कांग्रेस ने युवाओं को छला, भाजपा ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाने सशक्त युवा नीति दी

आज भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल चमारी एवं बीजादेवरी द्वारा सिवनी विधानसभा भाजपा प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन के मु य आतिथ्य एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री युवराज सिंह राहंगडाले जी की अध्यक्षता एवं अंकित ठाकुर जी जिला महामंत्री, चक्रेश ठाकुर जी जिला महामंत्री, अमित पांडे जी जिला मंत्री, राजीव ऊके जी मंडल अध्यक्ष सुनील झारिया, शंकरलाल उइ्री, चमरा डहेरिया की गरिमामय उपस्थिति मे नव मतदाता युवा स मेलन का आयोजन किया गया।

इस दौरान दिनेश राय मुनमुन ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने वायदा किया था कि युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देगी परंतु कुछ नहीं दिया । जबकि भाजपा की सरकार ने सशक्त युवा नीति के माध्यम से युवाओं को उनके कौशल के आधार पर रोजगार से जोड़ने का काम किया है । भाजपा की सीखो सिखाओ और कमाओ योजना से

चमारी एवं बीजादेवरी मंडल में युवा मोर्चा का नव मतदाता स मेलन संपन्न

युवा न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे बल्कि देश और प्रदेश के विकास को दुनिया में उत्कृष्टता प्रदान करेंगे ।श्री राय ने कहा कि यह शक्ति का पर्व है युवा शक्ति का संचाय करें इसके लिये आवश्यक नहीं है कि कसरत ही की जाये। आज समाज की बेहतरी के लिये शक्ति के संचय की आवश्यकता है और वह मतदाता के माध्यम से होना है इसके लिये युवा वर्ग समाज के बीच जाये और जनता को बताये कि 2003 के पहले का मध्यप्रदेश कैसा था और उस दुर्दशा के लिये कांग्रेस जि मेदार थी। कांग्रेस पार्टी के सिवनी से प्रत्याशी के संबंध में बताये कि वह युवा वर्ग को किस रास्ते पर ले जाता है । कांग्रेस युवाओं को किस प्रकार से छलती है इसकी समझ पूरे समाज को प्रदान करें। आज समाज में जागृति के माध्यम से भाजपा की सरकार बनाने के लिये जुटना ही सच्ची शक्ति की उपासना है। दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि भाजपा की सरकार ने युवाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिये सीखो सिखाओ और कमाओ योजना के तहत प्रशिक्षण का प्रावधान किया है और प्रशिक्षण अवधि में 8000 हजार से 10000 हजार रूपये प्रतिमाह राशि देने का प्रावधान किया है। इसके साथ ही युवा के भविष्य को सवांरने के लिये शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराये है । युवाओं को तरक्की के लिये हर तरह से सुविधाएँ प्रदान की जा रहा है। व्यापार, उद्योग के लिये उन्हें धन की सरलता पूर्वक उपलब्धता के साथ उसमें सरकारी छूट, ब्याज की माफी, बिजली, जमीन सहित अन्य जो भी आवश्यक है वे सुविधाएं प्रदान की जा रही है। वहीं कांग्रेस युवाओं से छलावा करती है। इसके साथ ही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष युवराज सिंह राहंगडाले ने कहा कि विधानसभा के युवा भाजपा सरकार की नीतियों और दिनेश राय मुनमुन द्वारा हर परिस्थितियों मे समाज के सभी वर्गों के सुख दुख में सहभागी भूमिका निभाने से हमेशा प्रभावित रहा है और युवा के न्द्र में मोदी जी के सशक्त नेतृत्व से अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है इसीलिए पूरे मन से भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन को प्रचंड मतों से विजयी बनाकर प्रदेश मे पुनः भाजपा सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

भव्य स्वागत के साथ अनेक युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

आयोजित कार्यक्रम भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चमारी मोनू साहू एवं भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बीजादेवरी काजू सल्लाम द्वारा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व युवाओं के साथ में भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन सहित समस्त अतिथियों की भव्य आगवानी कर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान चमारी क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं ने भाजपा की रीति नीति एवं दिनेश राय मुनमुन की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर सत्येंद्र ठाकुर, राकेश ठाकुर , कपसलाल, महेंद्र राय, अजय गहलोत, बसोडी लाल इनवाती जी, सीताराम कर्वेती, मोहनलाल बंजारा, दुर्गा साहू, महेश पटेल, राममनोहर राय , पप्पू डहेरिया, मोनू राठौर सहित बड़ी सं या मे भाजयुमो मंडल पदाधिकारी, जेष्-श्रेष्ठ देवतुल्य कार्यकर्ता एवं युवाओं की गरिमामय उपस्थिति रही।